**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**24.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— पश्चिम एशिया क्षेत्र में संघर्ष के बावजूद भारत में रसोई गैस के पर्याप्त भंडार उपलब्ध।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा— विभिन्न कार्यालयों में कबाड़ को डिसपोज़ करने के लिए नई स्क्रैप पॉलिसी लाएगी सरकार।
- विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026—27 के बजट अनुमानों पर चर्चा जारी— सत्ता पक्ष ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया— भाजपा ने बजट पर उठाए सवाल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात— प्रदेश के विभिन्न विषयों पर की सार्थक चर्चा।

और

- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा— टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इस पर भारत का रूख स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने आज राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से चल रहा है और इसने विश्व भर में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के पास रसोई गैस के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं।

**प्रश्नकाल**

राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न कार्यालयों में वर्षो से पड़े कबाड़ को नष्ट करने के लिए जल्द नई स्क्रैप पॉलिसी लाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में हस्ताक्षेप करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमण्डल की आगामी बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा कर नीतिगत फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कबाड के निस्तारण के लिए सभी के लिए एक समान नियम बनाए जाएंगे ताकि सारा स्क्रैप डिस्पोज किया जा सके। इससे पहले मूल प्रश्न का जवाब देते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि स्क्रैप सभी विभागों का मामला है और इसे लेकर नीति बनाई जाएगी ताकि पर्यावरण को भी नुकसान न हो। विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने आंकडे पेश करते हुए कहा कि पिछली सरकार के मुकाबले वर्तमान सरकार ने

विज्ञापनों पर आधा खर्च किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने अपने तीन साल के कार्यकाल में विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों में 31 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न प्रकार के विज्ञापनों पर कुल 22 करोड़ 87 लाख रूपए से अधिक की धनराशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने तीन साल में 28 करोड रूपए खर्च किए थे।

विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्यटन सीजन में जहां पर ट्रेफिक जाम की समस्या होगी वहां पर पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में हस्ताक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार श्री नैना देवी मंदिर के लिए जल्द बड़ा मास्टर प्लान तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने श्री नैना देवी मंदिर और ज्वालामुखी मंदिर के लिए बजट में अलग से प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर न्यास कमेटी में स्थानीय विधायकों को स्पेशल इनवाइटी का मैंबर मनाया जाएगा ताकि न्यास की बैठक में स्थानीय विधायक भी शामिल हो सके। विधायक बलबीर सिंह वर्मा और विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के एक हज़ार 2 सौ 27 करोड रूपए केंद्र के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि मिशन का यह पैसा केंद्र से जारी करवाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

**बजट अनुमान**

विधानसभा के बजट सत्र में वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट अनुमानों पर चर्चा आज भी जारी रही। चर्चा में हिस्सा लेते हुए विधायक संजय अवस्थी ने जहां सरकार की उपलब्धियों को गिनाया वहीं प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने समिति साधनों के बावजूद आपदा से प्रभावित हर परिवार को राहत देने का काम किया और विशेष पैकेज जारी किया। विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि सरकार ने एक ऐसा बजट पेश किया, जिसका आकार पिछले बजट से भी कम है। उन्होंने विधायक निधि के साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन में की गई कटौती पर भी सवाल उठाए। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विपरित परिस्थितियों में एक बेहतर बजट पेश किया है। विधायक रणधीर शर्मा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार को विधायक क्षेत्र विकास निधि में कटौती के बजाय विधायकों के वेतन की अधिक धनराशि पर रोक लगाना स्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में केंद्र सरकार, पिछली भाजपा सरकार और विपक्ष की आलोचना की गई है, इससे लगता है कि मुख्यमंत्री को भाजपा फोबिया हो गया है। चर्चा में विधायक विनोद कुमार, विवेक शर्मा, डॉक्टर जनक राज और सुरेश कुमार सहित अन्यों ने भी हिस्सा लिया।

**जयराम भेंट**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश के हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत व सार्थक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री का सरल व्यक्तित्व, दृढ़ नेतृत्व व राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। बाद में दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष ने राज्य की आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए मौजूदा सुक्खू सरकार पर तीखा हमला

बोला। उन्होंने कहा कि हिमाचल वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुज़र रहा है लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा बिना सोचे समझे लिए जा रहे फैसले राज्य को और अधिक वित्तीय संकट की तरफ धकेल रहे हैं।

**<u>शांडिल</u>**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वे आज विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दूसरे चरण के शुभारम्भ पर शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दिसम्बर 2024 के दौरान आरम्भ किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान के पहले चरण में हिमाचल ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 14 लाख से अधिक अति संवेदनशील लोगों की जांच कर सौ प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया है। शांडिल ने कहा कि सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दूसरे चरण में प्रदेश के 5 हज़ार एक सौ 76 उच्च जोखिम वाले गांवों और शहरी वार्डों को कवर किया जाएगा।

**<u>कांगड़ा चाय</u>**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कांगड़ा चाय का निर्यात प्रभावित हो रहा है। धर्मशाला स्थित चाय उद्योग के सीनियर मैनेजर देवेन्द्र पठानिया ने बताया कि ईरान कांगड़ा चाय का सबसे बड़ा खरीददार है और युद्ध की वजह से इस पर काफी असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया के संघर्ष ने प्रदेश के चाय बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

**<u>अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पश्चिम एशिया क्षेत्र में संघर्ष के बावजूद भारत में रसोई गैस के पर्याप्त भंडार उपलब्ध।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– विभिन्न कार्यालयों में कबाड़ को डिसपोज़ करने के लिए नई स्क्रैप पॉलिसी लाएगी सरकार।
- विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट अनुमानों पर चर्चा जारी– सत्ता पक्ष ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया– भाजपा ने बजट पर उठाए सवाल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात– प्रदेश के विभिन्न विषयों पर की सार्थक चर्चा।
- स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा– टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ।**

**अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर नमस्कार।**